विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 29 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 196, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार भी अपने चुनावी अभियान की तूफानी गति जारी रखी. रायगढ़ के कापू, जांजगीर-चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में भारी जनसमूह के बीच उन्होंने कांग्रेस की जम कर धुलाई की. कांग्रेस शासनकाल को शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन और डीएमएफ घोटालों मे घेरा और कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया. छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध को गढ़ बना दिया था. सीएम साय ने केंद्र के दस वर्षों के विकास और छत्तीसगढ़ में तीन महीने में पूरी हुई मोदी की गारंटी पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा.

रायगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कापू में विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत पीछे छोड़ दिया था. 36 वादे में एक भी वादे को उसने ठीक से पूरा नहीं किया. सिर्फघोटाला किया। वे नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए. उन्होंने कहा कि यही कारण था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को आउट कर दिया और इस बार भी क्लीन बोल्ड होगी. अपने पुराने संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के धरमजयगढ़ (कापू) के लोगों से सीएम साय ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा से लगातार 20 वर्ष सांसद बनने का मौका मिला. इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार. उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के बीच आया हूँ और आप सभी से आग्रह करने आया हूं कि हम सबको विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा, जिसके लिए आप सभी आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाएं और राधेश्याम राठिया को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें.

**आंधी-तूफ़ान के बीच चलती रही कापू में जनसभा**

आज लगभग 12 बजे रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के धरमजयगढ़ स्थित पहाड़ी इलाके कापू पहुंचे विष्णु देव साय को आंधी-तूफ़ान का सामना करना पड़ा। बारिश भी होती रही मगर मुख्यमंत्री और जनसभा के लिए आई भारी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा. निर्विघ्न तरीके से मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन पूरा किया.

**कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया**

जांजगीर-चांपा के पहरिया में मुख्यमंत्री ने पूर्व भूपेश सरकार को महादेव एप घोटाले में घेरा. उन्होंने सरकारी संरक्षण और सहयोग से प्रदेश में चलाए गए सट्टे-जुए के कारोबार को छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य बताया. भूपेश बघेल को जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है और एफआईआर भी



दर्ज हुई है. बहुत से कांग्रेसी नेताओं के ऊपर न केवल एफआईआर है बल्कि ज्यादातर जेल की चक्की पीस रहे हैं. बड़े-बड़े अधिकारी जिन्होंने भ्रष्टाचार में सरकार का सहयोग किया उन्हें डेढ़-डेढ़ साल से जमानत नहीं मिल रही है.सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया. उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा. जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी. उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है. आज एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं. इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है. सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासियों की सबसे पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार, अबूझमाड़िया जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है. वन धन योजना लागू कर आदिवासियों को वनोपज का ऊँचा दाम देने का काम किया है. सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है.

**भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के लिए बहुत कुछ**

तूफानी दौरा करते हुए शाम को बिलासपुर के बेलगहना पहुंचे विष्णु देव साय ने यहाँ भी विशाल आमसभा को संबोधित किया. अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं. मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है. अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा. मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा. अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी. उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती. विष्णुदेव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा के लिए कमलेश जांगड़े और बिलासपुर के लिए तोखन साहू के पक्ष में जमकर मतदान करने को कहा.

**सभाओं का जोर - विष्णु चहुँ ओर**

गत बीस मार्च से आज 28 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में पैंतालीस जनसभाएं मुख्यमंत्री ने ली हैं. जबकि छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश और ओडिशा में छः आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली है. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी अगर देखें तो उन्होंने कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी है. सामाजिक सम्मेलनों की यदि बात करें तो लगभग 22 बड़े सामाजिक सम्मेलनों को विष्णुदेव साय संबोधित कर चुके हैं. कुल मिलाकर चालीस दिन में 85 से ज्यादा बार उन्होंने जनता के समक्ष अपनी बात रखी है. मुख्यमंत्री अब तक जिन लोकसभाओं में चुनाव संपन्न हो चुके हैं वहां के प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक जनसभा ली है. कुल मिलाकर विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है. आत्मविश्वास से भरपूर मुख्यमंत्री सभी ग्यारह लोकसभा सीट जीतने के पार्टी आश्वस्त लगते हैं.

**पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है**

कापू में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राहुल गांधी ही नहीं पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है. कांग्रेस की स्थिति यह है कि देश में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं. छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेश में ही हजारों कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया है. यह सिलसिला लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति है और सभी ग्यारह लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी.नक्सल मुद्दे पर दीपक बैज के यह कहे जाने पर कि प्रदेश सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं है के जवाब में सीएम साय ने कहा कि हमारी नीति पूरी तरह स्पष्ट है. नक्सलवाद से हम मजबूती से लड़ रहे हैं. हमारे पास विकल्प खुले हैं। यदि नक्सली गोली-बारुद की भाषा बोलेंगे तो उसे उस भाषा में जवाब मिलेगा. यदि मुख्यधारा में शामिल होना चाहेंगे तो उनके लिए पुनर्वास नीति लागू होगी.

# महादेव , लोटस व लॉयन बैटिंग ऐप मामले में साहिल खान गिरफ्तार

**रायपुर।** महादेव ,लोटस व लॉयन बैटिंग ऐप के प्रमोटर मामले में साहिल खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मुंबई की माटूंगा पुलिस बैटिंग ऐप प्रमोटर और विभिन्न मामलो मे तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, फ्टिनेस मास्टर साहिल खान पर आरोप है कि वह कथित तौर पर ऐप को बढ़ावा देने के लिए अपने रौब का इस्तेमाल कर सिलेब्रिटीज को बुलाते थे और पार्टियों का आयोजन करते थे। मामले की जांच की जा रही है। साहिल खान के खिलाफफ्लिहाल ऐप ऑपरेटर के रूप में केस दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ खिलाड़ी नाम की एक बेटिंग ऐप चलाने को लेकर भी केस दर्ज किया गया है। वह इस बेटिंग ऐप की दुबई में हुई एक पार्टी में भी नजर आए थे।साहिल खान पर माटुंगा पुलिस ने यह केस जुआ एक्ट और द्रुझ एक्ट के अलावा द्रुक्ष्ट की धारा 420,467,468,471 और 120(क्र) के तहत दर्ज किया गया है।




## साहिल का कनैक्शन राजनांदगांव से भी!

**साहिल का कनेक्शन राजनांदगांव से भी**

साहिल खान फिटनेस के क्षेत्र में सक्रिय है । 2010 में फिटनेस इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत कर डिवाइन न्यूट्रिशन नाम से कंपनी खड़ी की। यह कंपनी प्रोटीन, क्रिएटिन और मसल गेनर जैसे फिटनेस सप्लीमेंट बेचती है। कंपनी का टर्नओवर लगभग 100 करोड़ से ज्यादा है। इसके अलावा देशभर में वह अपना जिम चेन भी संचालित करते हैं । साहिल का कनेक्शन राजनांदगांव के एक जिम से है जिसकी चर्चा शहर में हों रही है! वही कुछ वर्ष पूर्व बाकायदा जिम के उद्घाटन कार्यकर्म में कई घंटे शहर मे थे जिस कार्यकर्म मे शहर की मिडिया बाकायदा चश्मदीद रही है।साहिल के पकड़े जाने के बाद राजनंदगांव में कनेक्शन को लेकर शहर में तरह तरह की चर्चा सरगर्म है।

# तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस ने झोंकी ताकत

## कल छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे राहुल गांधी, इस दिन खड़गे और प्रियंका की होगी सभा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीट पर 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होना है. इन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की जीत के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इस बीच कांग्रेस के स्टार प्रचारक और वायनाड सांसद राहुल गांधी सोमवार 29 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है. इस दौरान वे बिलासपुर से लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार करेंगे. बिलासपुर में राहुल की चुनावी सभा की तैयारियां पूरी हो चुकी है. सभा में राहुल कई बड़े वादे जनता से कर सकते हैं. बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण की 4 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है. इनमें बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद संसदीय सीट शामिल हैं. शेष जिन 7 सीटों पर 7 मई को मतदान होना है, उनमें सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग शामिल हैं.

**30 अप्रैल को खड़गे और 2 मई को प्रियंका का दौरा**

राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद कांग्रेस पार्टी के राष?ट्रीय अध?यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी छत?तीसगढ़ दौरे पर आ रहे है. 30 अप्रैल को मल्लिकार्जुन खड़गे और 2 मई को प्रियंका गांधी कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने पहुंचेगी. बता दें कि इससे पहले पहले राहुल ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा को संबोधित किया था. वहीं 21 अप्रैल को प्रियंका वाड्रा राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव व बालोद में जनसभा की थी.

# सर्व ब्राह्मण समाज का सम्मेलन अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न




**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन, अभिनंदन समारोह, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य तथा विधायक पुरंदर मिश्रा व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के विशेष अतिथि में वृंदावन हाल सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में समाज के विविध क्षेत्रों में विशिष्टता प्राप्त विप्र जनों का शाल, श्रीफ्ल, स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । सम्मानित किए गए प्रमुख हस्तियों में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, शिक्षाविद डॉ चितरंजन कर, वरिष्ठ पत्रकार दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक कौशल किशोर मिश्रा, चिकित्सक तथा समाज सुधारक डॉ दिनेश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी, संगीत एवं कला के क्षेत्र में डॉ स्वप्निल कर्महे, समाज सेवा के क्षेत्र में तनु मिश्रा नवापारा, विजय शर्मा कोमाखान , सीमा शर्मा राजिम, विश्वनाथ पाणिग्रही दुर्ग, अमूल्य निधि मिश्रा सरायपाली शामिल रहे । अभिषेक पांडे के सौजन्य से समाज के वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प माला से समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा, सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष जेपी शर्मा, प्रमुख सलाहकार राजेश मिश्रा, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, संभागीय महासचिव अशोक मिश्रा , सुमित शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी , उपप्रदेश अध्यक्ष लेखमणि पांडे, रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गिरीश दुबे, विजयकांत शर्मा, धनंजय शर्मा ,अमिताभ दुबे, नीतीश शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, ऋषिकांत तिवारी, मोलेश तिवारी, संजय मिश्रा, ऐश्वर्या तिवारी, अभिषेक पांडे सहित पदाधिकारी ने स्वागत किया। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में समाज के गतिविधियों एवं आयोजनों की जानकारी दी तथा सम्मानित विभूतियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सर्व ब्राह्मण समाज के आयोजन की सराहना करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरूपित किया। उन्होंने अपने दीर्घकालीन सामाजिक सेवाओं की जानकारी दी। विधायक पुरंदर मिश्रा ने आयोजकों को कार्यक्रम की सफ्लता पर बधाई दी। इसी कड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। गायन 15 से 30 वर्ष प्रथम श्याम शर्मा, द्वितीय ओम तिवारी, तृतीय वैभवी दुबे, श्रेष्ठ प्रदर्शन आकाश मिश्र, प्रभाकर , नृत्य प्रथम सिद्धि शर्मा, द्वितीय अक्षया पांडे, तृतीय के सी छवि प्रिया, श्रेष्ठ प्रदर्शन कामाक्षी शर्मा, रोशनी, महिला गायन 30 से 60 वर्ष प्रथम विजेता शर्मा, द्वितीय संध्या शर्मा , तृतीय स्मृति रितु पांडे, श्रेष्ठ प्रदर्शन डॉ श्वेता पांडे ,आशा रिछारिया, वंदना तिवारी, सुजाता शुक्ला विजयी रहे। कुल 389 प्रतियोगी शामिल हुए । निर्णायक प्रीति दीक्षित तथा समीर भट्टाचार्य का भी सम्मान किया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जयप्रकाश शर्मा ,राजेश मिश्रा, नीरज शर्मा, अशोक मिश्रा, सुमित शर्मा का स्मृति चिन्ह ,प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सफ्ल संचालन अमिताभ दुबे तथा राजेश मिश्रा ने किया।

# सनसिटी में चल रहा निःशुल्क योग शिविर





**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** सनसिटी कॉलोनी में बच्चो के लिए 24 से 30 अप्रैल तक विशेष योग ,ध्यान व प्राणायाम का शिविर लगाया गया है। गर्मी की छुट्टियो में लगभग 45 बच्चे सुबह 6 से 7.30 तक नियमित योग शिविर का लाभ ले रहे है। सत्यानंद योग आश्रम के योग शिक्षक आदरणीय बजाज जी द्वारा सिखाया जा रहा है, इस योग शिविर की संयोजिका श्रीमती रुपाली गाँधी, योग के पश्चात बच्चो को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण जानकारी रोचक तरीके से व एक्टिविटी द्वारा बता रही है, उनका कहना है कि ये बच्चे देश का भविष्य है, इनके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना हमारा कर्तव्य है, ये पीढ़ी स्वस्थ रहेगी तो समाज स्वस्थ होगा। सनसिटी बजे अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने इस सफ्ल शिविर हेतु बधाई दी है।

## यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद, परिवारवाद बनाम विकासवाद का है : राजीव प्रताप रुडी

**पटना।** एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रुडी ने गरखा विधानसभा अंतर्गत फुरसतपुर, मरीचा, ठिकहां, मकीमपुर, अख्तियारपुर, धर्मबागी बाजार, नाव मंदिर के पास, रसीदपुर, साधपुर, साधपुर चौक अलियासपुर, फुलवरिया, फेरूसा, रेरिया, बभनइयां, महम्मदा, पहाड़पुर, अलोनी बाजार, सरगट्टी तक जनसंपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी के आगमन पर लोगों में उत्साह रहा। जगह-जगह लोगों ने रुडी का अभिनंदन किया।

# आजादी के दूसरे दिन ही प्रभु श्रीराम का मंदिर बन जाना चाहिए था : पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भी आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे के एक बयान से पूरे देश में हंगामा हो रहा है। शहजादे का कहना है कि हजारों वर्षों से राजा-महाराजा अत्याचारी थे, देश को लूट लेते थे। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नष्ट किया है। पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक सहित पूरे देश का इतिहास है, जहां नवाबों ने, सुल्तानों ने, घोर अत्याचार किए। ऐसे सुल्तानों ने हमारे मंदिरों को, हमारे तीर्थों को लूटा, उन्हें तबाह किया। लेकिन, शहजादे ने नवाबों और सुल्तानों को क्लीन चिट दे दी है और सभी राजाओं-महाराजाओं को अत्याचारी घोषित कर दिया। कांग्रेस के शहजादे कह रहे हैं कि अगर वो सत्ता में आए तो पूरे देश का एक्सरे करेंगे।

nandgaon times april-29-02.qxd 4/28/2024 10:37 PM Page 2



# अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुए विभिन्न निर्णय

## श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट का होगा पुनर्गठन , चाम्पा के रानी सती दादी मंदिर में हुई बैठक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा द्वारा झुन्झनू धाम चाम्पा में स्थापित रानी सती दादी जी के मंदिर के सभागार में आज 28 अप्रैल को संपन्न हुई, बैठक का आयोजन श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक सदस्य महेंद्र सावी मित्तल ने अपने समिति के सदस्यों के सहयोग से किया था। बैठक का शुभारंभ अग्रकूल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात आगंतुक सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयो एवं सदस्यों का स्वागत दादी मंदिर परिवार की ओर से मातारानी की माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल,प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग ने करते हुए विस्तार पूर्वक संगठन के कार्यों की जानकारी दी तथा बैठक में सर्वसम्मति से श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के पुनर्गठन करने का निर्णय लेते हुए वरिष्ठ संरक्षक सियाराम अग्रवाल को अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को सक्रिय करने की जिम्मेदारी दी गई ।

इसी तरह बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए निर्वाचन के लिए बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़ को जिम्मेदारी देते हुए नए निर्वाचन संपन्न कराने का निर्णय लिया गया , वहीं बैठक के दौरान आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी सदस्यों को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई गई । बैठक में गत माह वृंदावन में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पारित प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए प्री वेडिंग सूट पर प्रतिबंध लगाने,राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश में करने, आगामी अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन करने, शासन द्वारा संचालित केंद्रीय योजनाओं एवम प्रांतीय योजनाओं में से एक योजना का नामकरण भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों से आग्रह करने, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से संचालित उच्च शिक्षा ऋण योजना, स्वास्थ्य, एंबुलेंस सेवा सहित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया । साथ ही बैठक में आगामी समय में समाज में मांगलिक कार्यों में प्रचलित लिफाफा पद्धति को बंद करने,महिलाओं के स्वालंबन हेतु अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु पहल करने सहित अनेको निर्णय लिए गए तथा बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयोजक प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से कोई शाखा अगर कैंप करवाना चाहती है तो उसकी व्यवस्था संगठन द्वारा की जाएगी एवं निशुल्क फाइब्रो स्कैन लीवर जांच शिविर के आयोजन के संबंध में भी बताया की प्रांतीय संगठन द्वारा यह शिविर पूर्ण रूप से निशुल्क करवाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में आगामी बैठक मैनपाट में सुभाष गोयल अंबिकापुर के आतिथ्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया । बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल के आग्रह पर श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक महेंद्र सावी मित्तल ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण हेतु इस दादी मंदिर परिसर में पहल की जाएगी तथा मंदिर की स्थापना की जाएगी वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा समाज में व्याप्त वैवाहिक कुरीतियों एवं संस्कारों को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया जो कि आगामी दिनों में इस पर कार्य करेंगी जिसमें महेंद्र सेक्सरिया, उमेश मुरारका बिलासपुर, दिनेश मित्तल अकलतरा, श्रीमती नेहा अविनाश गोयल चाम्पा एवं युवा प्रतिनिधि के रूप में पंकज अग्रवाल दुर्ग को शामिल किया गया,इसके अलावा समाज के संस्कारों से संबंधित एक पत्रिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर अशोक अग्रवाल, श्रीमती गंगा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल दुर्ग सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। साथ ही बैठक के दौरान श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के भी सभी ट्रस्टी एवं सदस्य बैठक में उपस्थित थे तथा अग्रवाल संगठन की ओर से आतिथ्य शाखा के रूप में सुंदर बैठक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था,जलपान व्यवस्था, एवं मंदिर के दर्शन की व्यवस्था करने पर सभी सदस्यो का मोतियों की माला के माध्यम से स्वागत किया गया तथा दादी परिवार के सदस्यों ने भी आत्मीयता के साथ बैठक में पधारे सभी सदस्यों का अभिनंदन किया एवं मंदिर परिसर में ही दादी की रसोई में सभी ने जलपान एवं भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया ।

वहीं 28 अप्रैल को संपन्न बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के आगामी दिनों में संगठन को मजबूत करने के संबंध में अनेकों निर्णय दिए गए ,साथ ही सभी निर्णय का क्रियान्वयन करने का भी संकल्प लिया गया । छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की चाम्पा में संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक जयदेव सिंघल दुर्ग,महेंद्र सेक्सरिया दुर्ग,प्रांतीय चैयरमेन डॉ अशोक अग्रवाल रायपुर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर,प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग,श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के प्रमुख महेंद्र सावी मित्तल, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल,युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया दुर्ग,दिनेश मित्तल, गोपाल मित्तल,



श्रीमती मौसम मित्तल, पीतांबर अग्रवाल , विशम्भर दयाल अग्रवाल, सुशील मोदी,प्रेम प्रकाश अग्रवाल,मुकेश बंसल,आशीष अग्रवाल,अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल,श्रीमती ममता अग्रवाल, श्रीमती उषा कलानोरिया, श्रीमती सुशीला मोदी, सुभाष गोयल अंबिकापुर, बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़, कन्हैया गोयल शक्ति, नरेश अग्रवाल बोरा रायगढ़, खेमचंद गोयल बलौदा, विनोद अग्रवाल, तारा बेरीवाल,वीरेंद्र अग्रवाल डोंगरगढ़ , विमल अग्रवाल राजनांदगांव संतोष अग्रवाल राजनांदगांव, अशोक लोहिया , पंकज अग्रवाल दुर्ग,संजय अग्रवाल दुर्ग,हितेश अग्रवाल खमहरिया, राजेंद्र अग्रवाल रज्जू बिलासपुर, उमेश मुरारका, विनोद मोदी ,राजेश अग्रवाल रायगढ़, राजू अग्रवाल सल्हेआना,महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़, श्रीमती विनीता अग्रवाल रायगढ़,श्रीमती तारा बेरीवाल रायगढ़, श्रीमती उषा कलानौरिया बाराद्वार, डॉ.नितेश अग्रवाल चाम्पा,श्रीमती सपना सराफ बिलासपुर,श्रीमती भगवती अग्रवाल कोरबा, श्रीमती अनीता अशोक अग्रवाल रायपुर, श्रीमती नेहा अग्रवाल रायपुर, श्रीमती नेहा अविनाश गोयल चाम्पा,श्रीमती सारिका अजय खेतान, श्रीमती शोभा केडिया कोरबा, श्रीमती पूजा गोयल कोरबा, श्रीमती निर्मला कैलाश अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका मोदी, श्रीमती विभा प्रेम प्रकाश अग्रवाल,श्रीमती भावना केडिया, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल, श्रीमती हेमलता मित्तल , छैल बिहारी अग्रवाल, राजेश मोदी,सतीश केडिया बालाजी, मुरारी लाल अग्रवाल, नृपेंद्र अग्रवाल , मोहनलाल मित्तल,मनोज मंगल बिल्हा,सुरेश मंगल बिल्हा,जगदीश अग्रवाल बिल्हा सहित काफी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन , महिला इकाई, युवा इकाई के सदस्य उपस्थित रहे ।

# जनपद पंचायत की सूमो दुर्घटनाग्रस्त

**चुनाव ड्यूटी से लौट रहे ड्राइवर को आई झपकी**

**सामने से आ रहे ट्रक से टकराई**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के लिए आज हादसों वाला दिन रहा। समीपस्थ ग्राम पिनकापार में दोपहर बाद गंभीर दुर्घटना घटित होने के समाचार है। लेकिन इससे पहले आज तडक़े चुनाव ड्यूटी से लौट रहा स्थानीय जनपद पंचायत के सूमो का चालक झपकी के कारण अपने वाहन को सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ा बैठा । वह तो गनीमत है कि सरकारी वाहन सूमो में कोई अधिकारी सवार नहीं था और चालक अकेला था, वरना गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय जनपद पंचायत का सरकारी वाहन सूमो का चालक यशवंत आज तडक़े चुनावी ड्यूटी के बाद राजनांदगांव से डोंगरगांव आ रहा था। तभी उसकी सूमो बगदई पुल पार करने के बाद सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। बताया जाता है कि रात्रिकालिन ड्यूटी के कारण चालक यशवंत को हल्की झपकी आ गई, इससे वह अपने वाहन को संभाल नहीं पाया और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा बैठा। वह तो गनीमत है कि ट्रक ड्राइवर ने दुर्घटना के बाद बमुश्किल अपने ट्रक का ब्रेक लगाकर रोका, नहीं तो बहुत गंभीर दुर्घटना भी घट सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर से सुमो के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गये। वहीं ट्रक के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना में ड्राइवर यशवंत को गंभीर चोट पहुंची है, जिसे राजनांदगांव रिफर किया गया। घटना के बाद कई लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त सूमो को ट्रक के सामने से बमुश्किल हटाया गया।

# नीरज पैरेंट्स स्कूल बलदेव बाग में समर क्लासेस प्रारंभ

**बच्चों में नैतिक ज्ञान हेतु विशेष संस्कार कक्षाएँ**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज ग्रुप आफ स्कूल द्वारा बड़े पैमाने पर समर क्लासेस में विशेष नयी कक्षाओं का संचालन नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल , बल्देवबाग में 1 मई से किया जा रहा है । ये क्लासेस एनबी ग्रुप के साथ शहर के सभी बच्चों के लिए रखी गई है । संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा इस समर क्लास में विशेष रुप से भारतीय संस्कृति को जागृत करने हेतु सनातन धर्म की रीति को बच्चों में उदीयमान करने के लिए संस्कार क्लास प्रारंभ की जा रही है । विशेष संस्कार कक्षा महर्षि महेश योगी के शिष्य आचार्य अनिल तिवारी जी के मार्गदर्शन में ली जायेगी । सनातन धर्म की रीति , पूजा - पाठ की विधि , अपने नैतिक मूल्यों को तथा अपने दिनचर्या में घटित रोजाना के कार्यों को सरल तरीके से बच्चों को इसकी जानकारी दी जायेगी । संस्कार कक्षा हेतु बच्चे भारतीय परिधान में शाला आयेंगे तथा साथ ही बच्चे अपने साथ कुछ पुष्प भी लायेंगे । संस्कार कक्षा हेतु बच्चे कक्षा नर्सरी से चौथी कक्षा तथा कक्षा चौथी से लेकर सभी वर्गों के लिए रखा गई है । एनबी ग्रुप द्वारा यह छोटी सी कोशिश की जा रही है ताकि घटते नैतिक मूल्य व संस्कार को हम बच्चों में जीवित कर बच्चे को जिम्मेदार व संस्कारवान बना सके । बच्चों में मानसिक स्वस्थता के साथ शारीरिक स्वस्थता भी आवश्यक है । इस हेतु जिमनास्टिक कक्षाओं को भी आयोजन किया जा रहा है । जिमनास्टिक कक्षा हेतु विशेष रुप से भिलाई से विशेषज्ञों की नियुक्ति की गयी है । जिमनास्टिक खेल को मदर आफ स्पोर्ट्स कहा जाता है । जिमनास्टिक कक्षा हेतु नि:शुल्क सात दिवसीय डेमो क्लास ली जायेगी । मानसिक तथा शारीरिक स्वस्थता आज की प्रमुख आवश्यकता है । इसलिए एनबी ग्रुप की ओर से समर क्लासेस का संचालन किया जा रहा है । संस्कार कक्षा तथा जिमनास्टिक कक्षा के अलावा कराटे के साथ योगासन कक्षाएँ दुर्गेश सर एवं सुषमा मैम द्वारा ली जायेगी । , इंग्लिश व हिन्दी रिडिंग और राइटिंग , स्पोकन ग्रामर की कक्षाएँ रश्मि मैम , ज्योति मैम तथा माही मैम द्वारा ली जायेगी । ड्राइंग , डांस , केशियो , गायन ( वोकल ) तथा तबला की कक्षाएँ इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ली जायेगी । साथ में मैथ्स फंडामेंटल तथा अबेकस की कक्षाएँ नेहा मैम तथा रमाकांत सर द्वारा लिया जायेगा । उपरोक्त कक्षाएँ प्रात: 7 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक दो पालियों में ली जायेगी । इन सभी कक्षाओं में बच्चों को विषय अनुरुप बारीकियों का अध्ययन कराया जायेगा । संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से विशेष आग्रह है कि इन समर क्लासेस का उचित लाभ अपने बच्चों को जरुर दें । इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों को संस्कारित करना है । शिक्षा के साथ संस्कार को जीवन में अपनाना ही एनबी ग्रुप का प्रयास है । इन कक्षाओं हेतु 6262611851 तथा 7489927693 पर संपर्क किया जा सकता है ।

# भेड़ीकला में 84.25 प्रतिशत मतदाताओं ने की वोटिंग



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा के अन्तर्गत शहर से लगे ग्राम पंचायत भेड़ीकला में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। बुजुर्ग, महिला, प्रथम बार के युवा और दिव्यांग सहित सभी श्रेणी के मतदाताओं ने कतार में लगकर उत्साह पूर्वक मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता निभाई। ग्राम पंचायत भेडीकला में दो मतदान केंद्र है बूथ क्रमांक 84 मे कुल मतदाताओ की संख्या 821 है जिसमे मतदान हुआ 678, बूथ क्रमांक 85 मे कुल मतदाताओ की संख्या 957 है और मतदान 820 मतदाताओ ने किया।दो पूर्व सरपंच के साथ वर्तमान सरपंच कृष्णा साहू ने भी मतदान कर मतदाताओं को जागरूक किया। पंचायत द्वारा गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराया था एवं दोपहर के समय शरबत रसना का भी व्यवस्था मतदाताओ के लिए की गई थी।

# राजैतिक चक्रव्युह में भूपेश की राह आसान नहीं



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राम मन्दिर, मोदी और सनातन की लहर में कांग्रेस के लिए आसान नहीं दिख रहा है। राजनांदगाँव लोकसभा प्रत्याशी से चुनाव लड़ना भूपेश की सबसे बड़ी भूल मानी जा रह है। जैसा की पूरे प्रदेश में जिले की जनता पढ़ी लिखी है और जिले में एक बार कांग्रेस को मौका दिया परंतु कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के खास चचाजान नवाज खान की वजह से पासा पलट गया। पुलिस द्वारा छिपा सोसाईटी प्रबन्धक गोवर्धन वर्मा के आत्महत्त्या व 28 लाख के धान में अनियमितता के मामले में नवाज को नोटिस देने व जिला सहकारी बैंक में करोड़ो रू का फर्जीवाड़ा की शिकायत सामने आते ही अंडरग्राउंड हो जाने के बाद युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप गहरवार सहित, किसन वैष्णव, नीतू लारोकर, फारुख सहित अन्य करीबियों को पुलिस द्वारा पूछताछ किया गया। इधर 23 अप्रेल को ग्राम डुंडेरा में प्रचार के दौरान भाजपा के पवन से दुर्वव्यवहार की शिकायत पर जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा व भुखन वर्मा पर 26 अप्रेल को पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जमानत पड़ छोड़ा गया तो दूसरी ओर टेडेसरा मतदान बूथ पर गए प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ धक्कामुक्की व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा की महिला कार्यकर्ता से छेड़खानी व मारपीट के आरोप लग गए। जानकारों की माने तो इनके खिलाफऐसा राजनैतिक चक्रव्युह रचा गया है जिसे वे ना उगल पा रहे है ना निगल।

**महादेव सट्टा एप ने दागदार किया।**

आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान राजनांदगाँव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपियों से कांग्रेस पार्टी के नाम से करोड़ो रु का चंदा उगाही सहित क्राइम में सहयोगी की भूमिका ने दागदार बना दिया है जिससे जनता के बीच उनकी छवि पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे है।

**भूपेश का भरोसा नवाज ने तोड़ा।**

भूपेश है तो भरोसा है का नारा तो आपने कई बार सुना होगा परंतु भूपेश अपने ही भरोसे से धोखा खा गए। चुनावी विश्लेषण में बात निकल कर सामने आई कि भूपेश अपने ही भरोसे के आदमी से धोखा खा गए। पिछले विधानसभा चुनाव में जिले में 06 सीट आने पर हौसले बुलंद थे और इसी अनुमान के तहत जिले का लोकसभा प्रत्यासी पर नामांकन दर्ज कर दांव फेंका पर दांव उलटा पड़ गया व भूपेश बघेल के खास सिप्पेसलाहकार नवाज व उनके प्रमुख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के ऊपर कानून के डंडे की ऐसी गाज गिरी कि नवाज खान भूपेश बघेल को चुनाव के बीच मझधार में अकेला छोड़ फरार हो गए। जिससे प्रतीत होता है कि राजनांदगाँव लोकसभा सीट से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए राह आसान नहीं होगी।

## सप्ताह के सितारे (29 अप्रैल 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4 - 5 - 0 | 25-52-06-04-50-05 |
| मंगल | 1- 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| बुध | 3 - 4 - 8 - 0 | 48-84-40-04-30-03 |
| गुरू | 2- 3 - 6 - 0 | 60-06-10-01-30-03 |
| शुक्र | 3 - 4 - 5 - 6 | 35-53-36-63-45-54 |
| शनि | 2 - 4 - 7- 8 | 47-74-48-84-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 2 - 6 - 8 - 9

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 32- 44 -74 -00

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 12 - 16 - 18 - 19 | (6) 62 - 66 - 68- 69 |
| (2) 22 - 26 - 28 - 29 | (7) 72 - 76 - 78 - 79 |
| (3) 32 - 36 - 38 - 39 | (8) 82 - 86 - 88 - 89 |
| (4) 42 - 46 - 48 - 49 | (9) 92 - 96 - 98 - 99 |
| (5) 52 - 56 - 58 - 59 | (10) 02 - 06 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| **-97-55-39-08-91 | **-18-31-83-55 |
| 96-64-97-41-49-36 | 48-14-91-77-09 |
| 44-32-88-83-64-67 | 43-41-54-02-63 |
| 46-97-52-81-02-04 | 16-40-32-80-13 |
| 03-49-42-78-67-02 | 28-18-29-48-05 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू कुहीखुर्द में कर्मा जयंती में शामिल हुए



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुहीखुर्द मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू जी शामिल हुए। साहू समाज ने मुख्य अतिथि विधायक भोला राम साहू को श्रीफल,शाल भेंटकर सम्मानित किया। श्री साहू जी ने आगे अपने उद्बोधन में कहा कि माता कर्मा बाई का जन्म 1017 को उत्तर प्रदेश के झांसी नगर नामक स्थान पर रामशाह साहू का घर हुवा था द्य माता कर्मा बाई का विवाह पद्म साहू के साथ हुवा था । ये मध्यप्रदेश के शिव पुरी के रहने वाले थे और ये तेल का भी व्यापार करते थे इनका बहुत बड़े तेल का व्यापार था कर्मा माता ने स्वयं अपने हाथों से भगवान श्री कृष्ण जी को खिचड़ी खिलाई थी इस घटना को बाद में इनके उपासकों ने कर्मा बाई को मां कहा है।इस अवसर विधायक साथ में चंद्र कुमार साहू ,मदन साहू ,मनोहर साहू, भारत साहू,धनेश साहू तुलेश साहू विष्णु साहू हेमराज साहू माखन साहू,, कासी राम साहू , पंचू राम साहू सुदर्शन साहू,अजय साहू,ग्राम वासी, क्षेत्रवासी, ग्रामीणजन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।



## ज्ञान मंथन

*1) उल्लू रात में आसानी से क्यों उड़ते है?*
*2) न्यूरॉन्स के कोशिकाओं की संख्या सबसे अधिक कहां होती है?*
*3) नए संसद भवन में कितने समिति कक्ष का निर्माण किया गया है?*
*4) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना कब हुई थी?*
*5) प्रबोवो सुबियांतो को किस देश का नया राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) रेटिना में केवल शलाकाएं (2) मस्तिष्क (3) 6 (4) 2 अप्रैल 1990 (5) इंडोनेशिया

# साधना एवं राष्ट्र रक्षा शिविर के उद्घाटन सत्र में पुरी शंकराचार्यजी का हिन्दू राष्ट्र निर्माण पर संदेश

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगदुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज के सानिध्य में सीकर राजस्थान के खाटू श्यामजी में त्रिदिवसीय पच्चीसवां साधना एवं राष्ट्र रक्षा शिविर आयोजित है। उद्घाटन सत्र में धर्मसंघ पीठपरिषद्, आदित्य वाहिनी – आनन्द वाहिनी संगठन के सदस्यों एवं आध्यात्मिक प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुये पुरी शंकराचार्यजी उद्धत करते हैं कि यह भारत विश्व का हृदय है, इसके अस्तित्व और आदर्श की रक्षा करने का दायित्व हमको – आपको प्राप्त है। यह साक्षात जगदीश्वर को अवतीर्ण करने वाली पवित्र भूमि है, यहाँ साक्षात जगदेश्वरी ( भगवती ) भी अवतीर्ण होती हैं। कारक कोटि के मनीषियों की यह तपस्थली है। हमें विकास के व्यामोह में हमारे अस्तित्व और आदर्श में कुंठा ना उत्पन्न हो जाये इसका ध्यान रखना है। हमें ध्यान रखना है कि पर्यावरण के अनुकूल विकास क्रियान्वित हो। वेदादि शास्त्रों के विधिवत अनुशीलन से यह तथ्य उद्भाषित है कि सुसंस्कृत, सुशिक्षित, सुरक्षित, सम्पन्न, सेवा परायण, स्वस्थ्य, सर्वहितप्रद व्यक्ति और समाज की संरचना राजनीति है। राजनीति को ही राजधर्म कहते हैं, यही दंडनीति, अर्थनीति और क्षात्रधर्म भी कहते हैं, ये सभी पर्यायवाची हैं। शिक्षा, रक्षा, अर्थ और सेवा के प्रकल्प सदा संतुलित रहे, मातृशक्तियों का शील सुरक्षित रहे बिना परिवार नियोजन या गर्भपात के जनसंख्या संतुलित रहे, इसकी स्वस्थ विधा सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था है। इससे परिपालन से सबकी जीविका जन्म से सुरक्षित तथा जीवन दुर्व्यसन मुक्त हो सकता है। विदेशों में परम्परा प्राप्त वर्णाश्रम व्यवस्था के अभाव में वैकल्पिक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, सेवक वर्ग की आवश्यकता होती है, परन्तु इस वैकल्पिक व्यवस्था बनाने में अधिक समय तथा संपत्ति की आवश्यकता होती है तथा संस्कार का आधान नहीं होने से संतुलन बिगड़ता है। परम्परा प्राप्त वर्णाश्रम व्यवस्था का विलोप ना हो,इसमें विकृति न उत्पन्न हो इसके लिये कटिबद्धता की आवश्यकता है। सुनियोजित तरीके से स्वतंत्र भारत में धर्म के प्रति हीन बुद्धि उत्पन्न की गई जबकि वेदों का तात्पर्य धर्म है इसमें ब्रह्म सन्निहित है। धर्म भव्य है अत: इसका परिज्ञान आवश्यक है। जो धारक हो, उद्धारक हो वह धर्म है। दर्शन, विज्ञान और व्यवहारिक दृष्टिकोण के आधार पर पृथ्वी / जल / अग्नि / वायु / आकाश /अव्यक्त प्रकृति का नाम धर्म है। परमात्व तत्त्व, ब्रह्म तत्त्व, आत्म तत्त्व सिद्ध कोटि के धर्म हैं। परमात्मा नित्य है, सत्य है, यह काल के द्वारा कवलित नहीं होता। इस साधना और राष्ट्र रक्षा के त्रिदिवसीय शिविर के विभिन्न सत्रों में धर्म, अध्यात्म और राष्ट्र विषय पर साधकों को पुरी शंकराचार्यजी के द्वारा मार्गदर्शन मिलेगा। प्रतिदिन सवा घंटे की उपासना से प्राप्त स्व ऊर्जा का समुचित उपयोग सनातन संस्कृति संरक्षण, सनातन मान बिन्दुओं की रक्षा तथा रामराज्य समन्वित हिन्दू राष्ट्र निर्माण में साधकगण अपने अपने क्षेत्रों में मठ मन्दिरों को केन्द्र बनाकर उसको समृद्ध, स्वावलम्बी करने की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे। चयन, प्रशिक्षण और नियोजन के मूलमंत्र से संगठन सक्रिय और गतिशील हो सकेगा।




## राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मे पुनःचुनाव प्रचार करेंगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। लोकसभा चुनाव 2024 का दूसरा चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है. तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होगी। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू (दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में (दुर्ग लोकसभा)बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करेंगी। बीते विधानसभा चुनाव 2023 में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल हुई थी जिसमें बीजेपी के ललित चंद्राकर ने कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को 16,642 वोटो के उल्लेखनीय अंतर से हराकर जीत हासिल की ।



## खेमचंद देवांगन (गुरूजी) श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोनित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक राजनांदगांव की स्थापना वर्ष 1950 के 75 वॉ वर्ष (हीरक जयंती) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्वांर नवरात्रि पर्व वर्ष 2024 में मां दुर्गा मूर्ति पूजा के साथ-साथ विद्वान पंडितो एवं आचार्यो की उपस्थिति में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन दुर्गा चौक शक्तिधाम परिसर राजनांदगांव में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति की एक आवश्यक बैठक में श्री खेमचंद देवांगन (गुरुजी) अध्यक्ष, श्री रितेश देवांगन सचिव एवं श्री अजय श्रीवास्तव (पूर्व पार्षद) एवं श्री संजय श्रीवास्तव (दन) को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया है इसके अलावा संरक्षक, उपाध्यक्ष, सहसचिव, पूजापाठ प्रभारी, पंडाल प्रभारी, प्रचार-प्रसार प्रभारी, महायज्ञ पंडाल प्रभारी तथा कार्यकारिणी पदाधिकारियो का मनोनयन किए जाने के साथ-साथ महिला मंडल को शत चंडी महायज्ञ के पूजा पाठ में आवश्यक जवाबदारी देते हुए कार्यक्रम में भागीदारी देने हेतु मनोनित किया गया है । यह जानकारी समिति के प्रवक्ता श्री गोपीराम ने दी है ।



**रायपुर।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान में आज मठ पुरैना रायपुर में ट्रस्ट ओर से नि:शुल्क होंयोपैथिक जांच शिविर का आयोजन किया गया जिस ने डॉ. शोभना तिवारी के द्वारा मंदबुद्धि और अपरिपक्व बच्चों को निशुल्क जांच करके दवा वितरण की गई इस कार्य में ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।




रायपुर। माँ कामाख्या ट्रस्ट भारतवर्ष के तत्वाधान में आज लुदिया तालाब लखराम में सफाई अभियान चलाया गया, इस कार्य में मातृशक्ति प्रभारी श्रीमती शशि गुप्ता राधा राय ,संतोषी, भवानी ,रवीना और आरती केवट ने सहयोग प्रदान किया, सफाई अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया ट्रस्ट की इस कार्य से आसपास उपस्थित जन बहुत प्रभावित हुए और काफी सराहना की गई।

## 48 घंटा बीत जाने के बाद भी एसबीआई बैंक में सेंध मारने वाले फरार

**दो गन व कारतुस की चोरी**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )**। डोंगरगढ़ शाखा एसबीआई बैंक में सेंधमारी के 48 घंटा बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस को चकमा देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने लगे है। आपको बता दें कि डोंगरगढ़ की शाखा भारतीय स्टेट बैंक में गत रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर भीतर प्रवेश कर लॉकर खोलने का असफल प्रयास किया गया लॉकरथा।लॉकर तो नहि खुला पर बैंक में रखे दो रायफल एवं कारतूस को चोरो ने अपने कब्जे में लेकर फरार हो गए। इस घटना की रिपोर्ट बैंक प्रबंधक ने थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक में 24 एवं 25 अप्रैल की रात को चोरों ने बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर अंदर घुसने में सफलता तो हासिल कर ली, किन्तु वे बैंक लॉकर को खोलने में असफल रहे। चोरों ने बैंक में रखी दो 12 बोर की रायफल और कुछ कारतूस कीमत लगभग पौने दो लाख रुपए को अपने साथ ले गए। सुबह इसकी जानकारी होने के बाद बैंक मैनेजर सत्येन्द्र सिंह ने इस मामले की रिपोर्ट थाना में की है।




उन्होंने बताया कि चारों की तरफ नाकेबंदी चुनाव के पहले थी। उनका मानना है कि उक्त घटना को स्थानीय स्तर पर ही करने का प्रयास किया गया है और जल्द ही वे पकड़े भी जाएंगे। इधर स्टेट बैंक में चोरी की दरमियान रात को सुरक्षाकर्मी भी नहीं होना बताया जा रहा है। देखा जाए तो इस पूरे मामले में स्टेट बैंक के प्रबंधक की मुख्य रूप से लापरवाही भी सामने आई है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**SBI लॉकर तोड़ने का प्रयास**- बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर चोरों ने कुछ लोहे के राड़नुमा औजार भी छोड़ा है। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने बताया कि लॉकर तोड़ने का प्रयास चोरों द्वारा किया गया है। बैंक से चोरी किए गए रायफल के रिनैवल संबंधित थाना में किसी प्रकार के कागज पत्र नहीं है, न ही बैंक के पास कोई दस्तावेज मिले है, किंतु बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज में मिले सबूत के आधार पर अज्ञात चोरों की पतासाजी तेज कर दी गई है।

**शहर में सनसनी**- पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते बैंक के अलावा आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है। जैसे ही इस घटना की जानकारी 25 अप्रैल को सुबह शहर में फैली, शहर में उक्त घटना के बाद सनसनी फैल गई। हालांकि पुलिस ने दो दिन तक इस मामले को मीडिया के संज्ञान में भी नहीं लाया, जो पुलिस प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। एक तरफ26 अप्रैल को होने वाले मतदान के तहत शहर के सभी मार्गों में तगड़ी नाकेबंदी के बावजूद शहर के भारतीय स्टेट बैंक में हुई घटना और बैंक में सुरक्षाकर्मी की अनुपस्थिति व बैंक प्रबंधन की लापरवाही भी प्रमुख रूप से सामने लाती।

## रेलवे स्टेशन में सात किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाया युवक

**रायपुर**। रायपुर पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से सात किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था किंतु मुखबीर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम और आरपीएफ़ द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 01 व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना आयुष कुमार पांडे पिता विजय कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, निवासी महादेवन टोला ऑनिक्स मॉल के पास थाना बगुलागंज चौकी थाना कोतवाली जिला फ तेहगढ़ उत्तर प्रदेश बताया टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफर बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत लगभग 71 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## धर्म समाचार....

# इस सेवा भाव के चलते भगवान श्रीकृष्ण ने वल्लभाचार्य जी को दिए थे अपने दर्शन

वेदांत के संप्रदायों में महाप्रभु वल्लभ संप्रदाय अपनी एक अलग विशेषता रखता है। वल्लभाचार्य जी ने विशेष सिद्धांतों की नींव पर वैष्णव संप्रदाय का भवन खड़ा किया। उन्होंने वेदांत सूत्रों को लेकर अणुभाष्य किया और श्रीमद्भगवद्गीता को लेकर सुबोधिनी तथा अनेक ग्रंथों व सूत्रों की रचना कर शुद्धाद्वैत के सिद्धांतों की व्याख्या की। भक्ति संप्रदाय में इसे पुष्टिमार्ग के नाम से जानते हैं। डा. चिन्मय पण्ड्या (देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति): महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के कुल में सौ सोमयज्ञ के उपरांत वल्लभाचार्य जी का अवतरण हुआ। उनका जन्म दक्षिण के उत्तरादि (वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में) तैलंग ब्राह्मण परिवार में पिता लक्ष्मण भट्ट और माता श्रीइलम्मा के घर द्वितीय पुत्र के रूप में विक्रम संवत 1535 में हुआ। भागवत प्रेमियों और सुसंस्कारित परिवार के बीच इनका बचपन बीता। काशी के प्रकांड विद्वान माधवेंद्र पुरी से वेदशास्त्र आदि का अध्ययन मात्र 11 वर्ष की आयु में पूरा कर लिया। वेदांत के संप्रदायों में महाप्रभु वल्लभ संप्रदाय अपनी एक अलग विशेषता रखता है। वल्लभाचार्य जी ने विशेष सिद्धांतों की नींव पर वैष्णव संप्रदाय का भवन खड़ा किया। उन्होंने वेदांत सूत्रों को लेकर अणुभाष्य किया और श्रीमद्भगवद्गीता को लेकर सुबोधिनी तथा अनेक ग्रंथों व सूत्रों की रचना कर शुद्धाद्वैत के सिद्धांतों की व्याख्या की। भक्ति संप्रदाय में इसे पुष्टिमार्ग के नाम से जानते हैं। उन्होंने अपने शिष्यों को बताया कि प्रभु की भक्ति तब पूरी होती है, जब साधक का तन, मन, धन और हृदय उनमें समर्पित हो अर्थात पूर्ण समर्पण के साथ प्रभु की भक्ति करने से ही ईश्वरीय कृपा की प्राप्ति होती है। उन्होंने वृंदावन में रहकर भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप की प्रेममयी आराधना की। इनकी अष्टयाम सेवा बड़ी ही सुंदर है। इसमें माधुर्यभाव का विवरण है। कहा जाता है कि उनकी श्रद्धा भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें दर्शन दिया और कहा कि जो भी भक्त मेरी भक्ति, मेरे अनुशासनों का पालन अंतर्मन से करेगा, उसके साथ मैं सदैव रहूंगा। गृहस्थाश्रम में रहते हुए वल्लभाचार्य जी ने भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप की वात्सल्य भाव से उपासना की। वल्लभाचार्य जी की भक्ति और व्यक्तित्व का लोगों पर इतना विलक्षण प्रभाव पड़ा कि अनेकानेक लोग श्रीकृष्ण के बालस्वरूप के प्रेमी बन गए। उन्होंने भक्तिकाल के कवि सूरदास जी को प्रभु की लीलाओं से परिचित कराया और उन्हें लीला गान के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण आज हम लीलाधर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से परिचित हैं। उन्होंने अनेक भाष्य, ग्रंथ, नामावलियां, स्तोत्र आदि की रचना की। उनकी प्रमुख 16 रचनाओं को षोडश ग्रंथ के नाम से जाना जाता है। इनके नाम हैं-यमुनाष्टक, बालबोध, सिद्धांत मुक्तावली, पुष्टि प्रवाह मर्यादा भेद, सिद्धांत रहस्य, नवरत्न स्तोत्र, अंत:करण प्रबोध, विवेक धैर्याश्रय, श्री कृष्णाश्रय, चतु:श्लोकी, भक्तिवर्धिनी, जलभेद, पञ्चपद्यानि, संन्यास निर्णय, निरोध लक्षण, सेवाफल आदि। जब भी भक्ति या अध्यात्म की बात होती है तो याद आती है भारत में भक्ति की अविरल धाराओं की, जो शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, माधवाचार्य, आचार्य निंबार्क और वल्लभाचार्य से लेकर अब तक नए-पुराने रूपों में बहती चली आ रही हैं। वल्लभाचार्य कृष्ण भक्ति शाखा के वह आधार स्तंभ हैं, जिन्होंने साधना के लिए पुष्टिमार्ग से परिचित करवाया, जिन्होंने सूरदास को पुष्टिमार्ग का जहाज बनाया। पुष्टिमार्ग के इस प्रवर्तक ने संपूर्ण समाज को भक्ति मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया और मानव जीवन को प्रभु के शरण में लीन करने के लिए मार्गदर्शन किया। वर्तमान समय में जिस तरह मानव में वैचारिक दुष्प्रवृत्तियां पनपी हैं,




## चंद दिनों में बनना चाहते हैं अमीर, तो घर में जरूर लगाएं ये पौधे

शास्त्रों के अनुसार है कि घर में कुछ विशेष पेड़-पौधे लगाने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इन पौधों में तुलसी शमी का पेड़ आदि शामिल हैं। माना जाता है कि घर में इन पेड़-पौधे को लगाने से इंसान को जीवन में कई परेशानियों से छुटकारा मिलता है। आइए जानते हैं कि घर में किन पौधों को लगाना फलदायी होता है। सनातन धर्म में कुछ पौधों को घर में लगाना शुभ माना जाता है। क्योंकि कुछ पौधों में भगवान का वास माना जाता है। इन पौधों में तुलसी, शमी का पेड़ आदि शामिल हैं। माना जाता है कि घर में इन पेड़-पौधे को लगाने से इंसान को जीवन में कई परेशानियों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि घर में किन पौधों को लगाना फलदायी होता है।




**तुलसी का पौधा**- सनातन धर्म में तुलसी का पौधा पूजनीय है। इस पौधे में धन की देवी मां लक्ष्मी का वास होता है। मान्यता है कि घर में तुलसी का पौधा लगाना और इसकी पूजा-अर्चना करने से घर में खुशियों का आगमन होता है और इंसान को धन का लाभ मिलता है। साथ ही मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**शमी का पौधा**- मान्यता है कि शमी के पौधे में भगवान शिव का वास होता है। इस पेड़ को बेहद पवित्र माना गया है। कहा जाता है कि घर में शमी के पौधे को लगाने से महादेव की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही घर से नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा मिलता है। रोजाना इस पौधे की पूजा-अर्चना करने से इंसान की कुंडली में शनि की स्थिति शुभ और मजबूत होती है और सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

**मनी प्लांट**- अगर आप सुख-समृद्धि में वृद्धि चाहते हैं, तो इसके लिए घर में मनी प्लांट को लगाए। धन की कमी को दूर करने के लिए शुक्रवार के दिन जल में कच्चा दूध मिलाकर मनी प्लांट में अर्पित करें। माना जाता है कि इस उपाय को करने से धन का लाभ मिलता है।

**एलोवेरा का पौधा**- इसके अलावा आप घर में एलोवेरा का पौधा लगा सकते हैं। इस पौधे को घर में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। एलोवेरा को लगाने से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मदहोश बाईक सवार ने मारी टक्कर, पिता पुत्री की मौत

## शराब ने उजाड़ दी फिर एक परिवार की जिंदगी, पिनकापार के पास दो मोटरसाइकिल में आमने- सामने भिड़न्त



**घनश्याम साव**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शराब के नशे में मदहोश बाईक सवार ने सामने से आ रहे एक अन्य बाईक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इससे सामने बाईक चालक सहित सामने बैठी उसकी बेटी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। डोंगरगांव से पिनकापार मार्ग पर घटित घटना में पांच अन्य गंभीर हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम टटेंगा (जेवरतला) निवासी पीताम्बर साहू आ. गैंदलाल साहू (35 वर्ष) ग्राम खुर्सीपार (कबीरमठ नादिया) से विवाह उपरांत अपनी पत्नि डेमिन (30 वर्ष), पुत्र खोमेन्द्र (10 वर्ष) तथा पुत्री निशा (6 वर्ष) को बाईक में बैठाकर गृहग्राम जाने के लिए दोपहर में रवाना हुए । इस बीच वे ग्राम पिनकापार के करीब पहुंचे ही थे, कि सामने से तीन सवारी आ रहे बाईक सवार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाईक में सवार सातों लोग उछलकर इधर उधर गिर पड़े। घटना की जानकारी होते ही आने जाने वाले राहगीरों ने एबुलेंस तथा उनके परिजनों को सूचना दी। एबुलेंस के आने में समय लगता देख एक कार सवार ने गंभीर रूप से घायल पीताम्बर को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव लेकर पहुंचे। उसके बाद दो एबुलेंस अन्य छः लोगों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ घायलों के सायं 5.30 बजे स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। यहां पर मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों ने स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करते हुए एम्बुलेंस से घायलों को उतारने तथा वार्ड में शिफ्ट करने में सहयोग किया। इस दौरान एकमात्र महिला डॉक्टर के उपलब्ध होने पर तत्काल आनन फानन में कुछ स्थानीय डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को कॉल करके बुलाया गया, तब घायलों का इलाज प्रारंभ हो सका। लेकिन इलाज के दौरान ही गंभीर रूप से घायल पिताम्बर साहू (35 वर्ष) तथा बालिका निशा (6 वर्ष) की मौत होने की खबर है। शेष घायलों में से बेहतर इलाज के लिए डेमिन तथा खोमेन्द्र को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इसके अलावा एक अन्य बाईक में सवार खूबलाल, चमन पटेल तथा एक अन्य का प्रारंभिक इलाज किया गया। इनमें से बाईक चालक को नाक , मुंह सहित सीने आदि में गंभीर चोट के कारण सर्वप्रथम रिफर किया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए इनमें से अन्य दो को भी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर करने की जानकारी मिली है।

**शराब ने फिर उजाड़ दिया एक हंसता खेलता परिवार**

आज की घटना के पीछे फिर एक बार युवकों का शराब सेवन बड़ी वजह बनकर सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाईक में सवार तीनों युवक शराब के नशे में मदहोश बताये गये। अस्पताल पहुंचने के दौरान भी युवकों के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आने के समाचार है। सामान्य स्पीड में परिवार सहित जा रहे साहू परिवार का मुखिया इस घटना में काल कवलित हो गया। वहीं एक बच्ची भी बेसमय सडक़ दुर्घटना की अपनी जान गंवा बैठी। बताया जाता है कि मृतक की पत्नि घटना के बाद से सदमे में है। वहीं बालक के भी मुंह आदि में चोट पहुंची है। घटना के बाद शादी घर में मातम का माहौल है और घर वाले सदमे में हैं।



## तीसरे चरण के मतदान पूर्व मधुसूदन करेंगे कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क

**राजनांदगॉव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव को केन्द्रीय भाजपा नेतृत्व के द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में तीसरे चरण के मतदान पूर्व कोरबा एवं बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार प्रसार का अहम दायित्व सौंपा गया है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव 29 अप्रेल को राजनांदगॉव से कोरबा के लिये प्रस्थान करेंगे जहॉ चार दिनों तक भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार करेंगे। इसके पश्चात् अगले तीन दिनों तक भाजपा नेता मधुसूदन यादव बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे जहॉ वो भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। अब तक राजनांदगॉव लोक सभा क्षेत्र में भाजपा के चुनाव प्रचार प्रसार की कमान संभाल रहे पूर्व सांसद मुधसूदन यादव को इस लोकसभा निर्वाचन में दूसरे चरण का मतदान दिनांक 26 अप्रेल को सम्पन्न होते ही पार्टी आलाकमान ने कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा में भाजपा के पक्ष में पार्टी लेवल पर बैठक एवं सभा आयोजित कर संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार प्रसार की समीक्षा करने एवं पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं मतदाताओं के साथ मिलकर सघन जनसंपर्क करने एवं भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिये भाजपा आलाकमान द्वारा निर्देशित किया गया है।



## नशे में मदहोश युवक ने लगाई कोहका पुल से छलांग

### स्थिति गंभीर, एक अन्य सडक़ दुर्घटना में दो घायल





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बाईक में तीनसवारी जा रहे युवकों में से एक युवक ने नशे में मदहोश होकर कोहका बेंदरकटा पुल से नीचे छलांग लगा दी। जिससे उसके हाथ, पैर, सिर सहित अन्य हिस्सों में चोट आई है। वहीं ग्राम कोकपुर के पास सडक़ दुर्घटना में दो अन्य ग्रामीण बाईक से गिरकर घायल हो गये। तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मोहड़ (माहुद मचान्दुर) निवासी तीन युवक नगर के करियाटोला वार्ड में बतौर मेहमान आये हुए थे। जो आज सायं लगभग 6 बजे बाईक क्र. सीजी 08 एपी 7773 से अपने गृहग्राम के लिए रवाना हुए। इससे पहले कोहका - बेन्दरकटा पुल के ऊपर तीनों सवार, जो कि शराब के नशे में मदहोश थे, में आपसी हंसी ठिठोली फिर गाली गलौच शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस बीच धीमी रफ्तार में जा रहे बाईक चालक बाईक को संभाल नहीं पाया और पुल में ही वे लडख़ड़ाकर गिर पड़े। इस बीच बाईक में सवार जयंत जुरेशिया आ. नरविंद जुरेशिया (23 वर्ष) आव देखा न ताव, पुल से नीचे छलांग लगा दिया। जिससे उसे सिर, चेहरे, हाथ पैर आदि में गंभीर चोट पहुंची। जानकारी होने पर समीपवर्ती ग्राम पंचायत कोहका के सरपंच कमलनारायण वैष्णव मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका प्रारंभिक इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया। इसी प्रकार एक अन्य घटना में अपनी ही बाईक में सवार होकर जा रहे दो ग्रामीण बाईक से गिरकर घायल हो गये। उन्हें एबुलेंस की मदद से डोंगरगांव सरकारी अस्पताल लाया गया। अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार घायलों के नाम चोवाराम मंडावीं तथा जीवन गोंड़, निवासी पीपरखार बताया गया। उक्त दोनों भी शराब के नशे में मदहोश बताया गया। दोनों को सिर, मुंह के अलावा हाथ पैर आदि में चोट पहुंची है। दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया।

## भानेश्वरी मंदिर में जिला साहू संघ की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ की बैठक 28 अप्रैल को सिंघोला के माता भानेश्वरी मंदिर में दोपहर 11:00 बजे



से शुरू हुई जो काफी देर तक चली। बैठक का उद्देश्य आगामी 09 मई 2024 को मां भानेश्वरी की जयंती हर्सोउल्लास पूर्वक मनाने को लेकर आयोजित की गई थी। आयोजित बैठक में प्रदेश साहू संघ संयोजक न्याय प्रकोष्ठ एवम जिला प्रभारी श्री चतुर्भुज साहू उपस्थित हुए। अन्य प्रमुख पदाधिकारी में जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री भागवत साहू, नीलमनी साहु महामंत्री, शैलेंद्र साहू, नीरा साहू उपाध्यक्ष, मदन साहू, उपाध्यक्ष नोबल साहू कोषाध्यक्ष, महेन्द्र साहू, माधव साहू संगठन सचिव, विजय साहू अंकेक्षक, श्रीमती अंजु साहु तहसील अध्यक्ष, श्रीमती सरोज साहू, केशरी साहु, तारा साहू, मिलाप साहू संयोजक, ईश्वर साहू, शिवकुमार साहु सहसचिव, चंद्रशेखर साहू, धनराज साहू सचिव डोंगरगांव तहसील, सुन्दर लाल साहू, जगत नारायण, भीखम साहु, इतवारी साहू, नंदू साहू, चेतन साहू, पुजेरी लाल, खुबलाल साहू, पंकज साहू, चंद्रकृत साहु, हीरा लाल, खेमलाल साहू, जगमोहन साहु, गुरुचरण साहू, जशवंत साहू, मानसिंह साहू, रामेशर साहू, लावेश साहु, दीपक साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

# ग्राम जामसरार मे जिला पंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के फार्म हाउस में हुआ बड़ा धमाका



**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव से लगे ग्राम जामसरार मे सुबह लगभग 7 बजे जिला पंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के फार्म हाउस मे धमाका हुआ जिसमे फार्म हाउस मे काम करने वाले युवक नरेश ओटी पिता धीरपाल उम्र 30 वर्ष की धमाके के चपेट मे आ जाने से मृत्यु हो गयी। धमाका इतना जबरदस्त था की युवक के शरीर के चीथड़े हो गए। धमाके की आवाज़ इतनी तेज़ थी की जिसकी गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई दि साथ ही धमाके वाली जगह पे लगभग 3 फ़ीट गड्ढा हो गया है।

मिली जानकारी अनुसार डोंगरगांव से लगे ग्राम जामसरार मे जिलापंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के फार्म हाउस मे जोर दार धमाका हुआ। जिससे वंहा काम करने वाले युवक नरेश ओटी की घटना स्थल मे ही मौत हो गई प्रत्यक्षदर्शी अनुसार नरेश ओटी जो की संतोष वैष्णव के फार्म हाउस मे काम करता था हमेशा की तरह वंहा आकर खेतो मे पानी डालने एवं नहाने के लिए बोर को चालू करने गया था की तभी अचानक बोर के स्टार्टर को ऑन करते ही जोर का धमाका हुआ जिससे युवक नरेश लगभग 20-25 फ़ीट दूर जाकर गिरा, धमाके से युवक का शरीर पूरी तरह छत विछत हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। धमाका इतना जोरदार था की जिसकी गूंज लगभग 2 किलोमीटर तक एवं जिससे उठा धुए का गुबार काफ़ी दूर से देखा जा सकता था, धमाके की जगह पर करीब 3 फ़ीट गड्ढा भी हो गया था। धमाके की आवाज़ से ग्रामीण घबरा गए तथा मौके पर पहुचे उसके बाद उन्होंने आनन फ़नन मे बाकि ग्रामीणों को पुलिस एवं फार्म हाउस के मालिक संतोष वैष्णव को फ़ोन कर सुचना दीं।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। श्री वैष्णव से बात करने पर उन्होंने बताया की नरेश ओटी उनके यंहा सालो से काम कर रहा है वही यंहा देख भाल करता था कभी कभी उनके छोटे भाई



सुनील वैष्णव भी वंहा आकर पानी दे दिया करते थे मगर आज पानी डालने की जरुरत नहीं थी तो सुनील वैष्णव ने बोर चालू नहीं किया मगर युवक ने नहाने के लिए मोटर स्टार्ट किया और ये धमाका हो गया। इससे पहले लगभग 2 माह पूर्व भी उनके फार्म हाउस मे खड़े हरवेस्टर को किसी अनजान के द्वारा आग लगा दि गयी थी इन सभी हादसों के एक के बाद होना किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा करता है।

**मौके पर पहुंची फॉरेनसिक टीम**

धमाके की खबर मिलते ही पुलिस बिना किसी देरी के घटना स्थल पर पहुंची और जांच मे जुट गयी, तथा धमाके को संदिग्ध मानते हुई पुलिस ने फॉरेनसिक टीम दुर्ग एवं क्राइम ब्रांच राजनांदगाव की टीम को मौके पर बुलाया। फॉरेनसिक टीम ने मौके से बरामद सामान एवं मिट्टी को जांच के लिए अपने साथ ले गई। जिसकी जानकारी जांच के बाद दी जाएगी।



डोंगरगांव के ग्राम जामसरार कला मे संतोष वैष्णव के फार्म हाउस मे आज घटना की खबर मिली है जिसमे सुबह 6:30-7:00 बजे के आसपास यंही काम करने वाले युवक नरेश ओटी ने खेतो मे पानी डालने के लिए मोटर का स्विच ऑन किया, ऑन करते ही धमाका हुआ जिससे वंहा काम करने वाला युवक हादसे का शिकार हो गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

पुलिस एवं साइबर की टीम सभी बिन्दुओ पर जांच कर रही है की क्या हुआ कैसे ये घटना हुयी जांच के बाद इसके बारे मे अधिक जानकारी दी जाएगी।

**.....अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव श्री राहुल देव शर्मा**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com